न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, रायपुर जिला भीलवाड़ा (राज०)

राजस्व लोक अदालत–न्याय आपके द्वार 2018

पीठासीन अधिकारी:–राजलक्ष्मी गहलोत, आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बर:– 110 / 2016 (2016/00169) वाद पत्र

उनवान

1. संतोक देवी पत्नि ज्ञानमल गुजर निवासी सगरेव तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
2. चेतनप्रकाश आत्मज ज्ञानमल गुजर नाबालिग बविलायत जरिये संरक्षक माता श्रीमति संतोक देवी पत्नि ज्ञानमल गुजर निवासी सगरेव तहसील रायपुर जिला भीलवाडा

वादीगण

बनाम

1. जमनालाल आत्मज मियाराम गुजर निवासी सगरेव तहसील रायपुर जिला भीलवाडा
2. स्टेट बैंक आफ बीकानेर एण्ड जयपुर शाखा रायपुर तहसील रायपुर जिला भीलवाडा बजरिऐ शाखा प्रबन्धक
3. राजस्थान राज्य जरिऐ तहसीलदार रायपुर तहसील रायपुर जिला भीलवाडा

प्रतिवादीगण

वाद पत्र अंतर्गत धारा 53, 188 राज0 टी0 एक्ट रा0क0अधिनियम
बाबत विभाजन आराजियात एवं अस्थाई निषेधाज्ञा

निर्णय

दिनांक 4.5.2018

पत्रावली आज राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार केम्प अटल सेवा केन्द्र सगरेव मे पेश हुई। प्रकरण का सक्षेप मे विवरण इस प्रकार है कि ग्राम नयाखेडा जाटान पटवार हल्का सगरेव तहसील रायपुर के बैरून हल्का आबादी में वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 01 के संयुक्त खातेदारी अधिकार एवं कब्जे की आराजियात संख्या 4643 / 4479 रकबा 0.72 हैक्टेयर, 4644 / 4479 रकबा 0.72 हैक्टेयर, 4645 / 4479 रकबा 0.72 हैक्टेयर, कुल किता 3 कुल रकबा 2.16 हैक्टेयर भुमि में वादीगण के कब्जे का 1 / 2 हिस्सा एवं आराजी संख्या 4467 रकबा 1.08 है0 में 1 / 3 हिस्सा कब्जे अनुसार एवं बाई मिट्स एण्ड बोण्डस के आधार पर स्वंत्रत राजस्व खाता रेवेन्यु रेकार्ड मे खोले जाने हेतु प्राथमिक डिकी जारी किये जाने एवं तहसीलदार रायपुर को विभाजन प्रस्ताव तैयार कर पेश करने का आदेश दिया गया था जिसकी पालना में दिनांक 04.5.2018 को तहसीलदार रायपुर द्वारा विभाजन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसे शामिल पत्रावली किया गया तथा प्रस्तुत विभाजन प्रस्ताव का जारी डिकी एवं रेकार्ड आफ राईट्स जमाबन्दी से मिलान किया गया जो सही प्रतीत होने से विभाजन प्रस्ताव स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश

ग्राम नयाखेडा जाटान पटवार हल्का सगरेव तहसील रायपुर में स्थित खाता संख्या 6 एवं 87 की भूमि का वादीगण एवं प्रतिवादी के बीच विभाजन तहसीलदार रायपुर से प्राप्त प्रस्तावानुसार निम्न प्रकार किया जाकर दर्ज रेकार्ड किये जाने आदेश दिया जाता है

क्र स	खातेदार	खसरा नम्बर	रकबा(है0)	लगान
01	(1)संतोक देवी पत्नी ज्ञानमल (2)चेतन प्रकाश पिता ज्ञानमल ना बा ब वि माता संतोक देवी गुजर रहन SBBJ रायपुर हि सतोकदेवी पर	4645/4479	0.72	1.66
		4644/4479	0.36	0.83
		4467/2	0.36	0.83
		3	**1.44**	**3.32**
02	जमनालाल पिता मियाराम गुजर सा0 सगरेव	4643/4479	0.72	1.66
		4644/4479/1	0.36	0.83
		4467/1	0.72	1.66
		3	**1.80**	**4.15**

तद्नुसार अंतिम डिकी जारी हो। खर्चा फरीकेन अपना अपना वहन करें।

निर्णय आज दिनांक 4.5.2018 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(राजलक्ष्मी गहलोत)
सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी)
रायपुर जिला भीलवाड़ा